
# रंगपंचमी पर जीत के रंग में रंगा भारत



**बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच :** फाइनल मुकाबले में 15 रन देकर 4 विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच रहे.

## कीवी बल्लेबाज ने बुमराह- अक्षर के सामने घुटने टेक दिए



**सैमसन प्लेयर ऑफ द सीरीज :** 5 मैच में 3 फिफ्टी के सहारे 321 रन बनाने वाले संजू सैमसन को प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट चुना गया.



**अहमदाबाद, 8 मार्च . टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के खिताब को अपने नाम कर लिया है. रविवार को नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से रौंदा. भारत ने टी20 विश्व कप की ट्रॉफी को तीसरी बार जीता है.**

भारत घरेलू सरजमीं पर टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाला पहला देश बन गया है. टीम इंडिया से मिले 256 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की पूरी टीम 19 ओवर में 159 रन बनाकर ऑलआउट हुई.

फाइनल में भारत से मिले 256 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही. सेमीफाइनल में शतकीय पारी खेलने वाले फिन एलन महज 9 रन बनाकर अक्षर पटेल का शिकार बने. इसके बाद रचिन रविंद्र भी एक रन बनाकर आउट हुए. ग्लेन फिलिप्स ने भी अपने प्रदर्शन से निराश किया और वह 5 रन बनाकर आउट हुए. मार्क चैपमेन को 3 रनों के स्कोर पर हार्दिक पांड्या ने पवेलियन भेजा. डेरिल मिचेल की खराब फॉर्म फाइनल में भी जारी रही और वह 17 रन ही बना सके.

एक छोर से बढ़िया बल्लेबाजी कर रहे टिम सीफर्ट 26 गेंदों में 52 रन बनाने के बाद वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर ईशान किशन को कैच देकर पवेलियन लौटे. सीफर्ट ने अपनी पारी में 2 चौके और 5 छक्के लगाए. जेम्स नीशम 8 रन ही बना सके, जो मैट हेनरी अपना खाता भी नहीं खोल पाए. कप्तान मिचेल सैंटनर ने 35 गेंदों में 43 रन बनाए.

**स्कोरकार्ड**

**न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी (20 ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| टिम सिफर्ट | 52 | 26 | 2 | 5 |
| फिन एलेन | 9 | 7 | 1 | 0 |
| रचिन रवींद्र | 1 | 2 | 0 | 0 |
| ग्लेन फिलिप्स | 5 | 5 | 1 | 0 |
| मार्क चैपमैन | 3 | 8 | 0 | 0 |
| डैरिल मिशेल | 17 | 11 | 0 | 2 |
| मिशेल सैंटनर | 43 | 35 | 3 | 2 |
| जेम्स नीशम | 8 | 7 | 1 | 0 |
| मैट हेनरी | 0 | 1 | 0 | 0 |
| लॉकी फर्ग्यूसन | 6 | 7 | 0 | 0 |
| जैकब डफी | 3 | 5 | 0 | 0 |

अतिरिक्त रन 12

कुल स्कोर : 159 रन, 10 विकेट (19 ओवर)

**भारत गेंदबाजी स्कोरकार्ड**

| गेंदबाज | ओवर | रन | विकेट |
|---|---|---|---|
| अर्शदीप सिंह | 4 | 32 | 0 |
| हार्दिक पांड्या | 4 | 36 | 1 |
| अक्षर पटेल | 3 | 27 | 3 |
| जसप्रीत बुमराह | 4 | 15 | 4 |
| वरुण चक्रवर्ती | 3 | 39 | 1 |
| अभिषेक शर्मा | 1 | 5 | 1 |

**स्कोर बोर्ड**

**भारत की बल्लेबाजी (20 ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| संजू सैमसन | 89 | 40 | 5 | 8 |
| अभिषेक शर्मा | 52 | 21 | 6 | 3 |
| ईशान किशन | 54 | 25 | 4 | 4 |
| हार्दिक पांड्या | 18 | 13 | 1 | 1 |
| सूर्यकुमार यादव | 0 | 1 | 0 | 0 |
| तिलक वर्मा | 8 | 6 | 0 | 0 |
| शिवम दुबे | 26 | 8 | 3 | 2 |

एक्स्ट्रा : 8

कुल स्कोर : 255/5 (20 ओवर)

रन रेट : 12.75

**न्यूजीलैंड की गेंदबाजी**

| गेंदबाज | ओवर | रन | विकेट |
|---|---|---|---|
| मैट हेनरी | 4 | 49 | 1 |
| ग्लेन फिलिप्स | 1 | 5 | 0 |
| जैकब डफी | 3 | 42 | 0 |
| लॉकी फर्ग्यूसन | 2 | 48 | 0 |
| मिशेल सैंटनर | 4 | 33 | 1 |
| रचिन रविंद्र | 2 | 32 | 1 |
| जेम्स नीशम | 4 | 46 | 3 |

न्यूजीलैंड ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए और पूरी टीम 159 रन बनाकर ऑलआउट हो गई. भारत की ओर से गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर के स्पेल में सिर्फ 15 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए. वहीं, अक्षर पटेल ने 27 रन देकर 3 विकेट झटके, जबकि हार्दिक पांड्या और वरुण चक्रवर्ती ने एक-एक विकेट चटकाया. टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ने तूफानी शुरुआत दी. दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 7.1 ओवर में 98 रन जोड़े. अभिषेक ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 21 गेंदों में 52 रनों की आतिशी पारी खेली. वहीं, संजू सैमसन ने 46 गेंदों में 5 चौके और 8 छक्कों की मदद से 89 रन बनाए. संजू टी20 विश्व कप के फाइनल में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बने. नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने उतरे ईशान किशन भी बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने 25 गेंदों में 54 रन बनाए. ईशान ने 216 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 4 चौके और चार छक्के लगाए.

## एक नजर में



### भारतीय टीम को सपोर्ट करते नजर आए शाह

टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को बड़े अंतर से हराया. मैच में गृहमंत्री अमित शाह भारतीय टीम को सपोर्ट करते नजर आए . उनके साथ उनके परिवार के लोग भी मौजूद थे. कैमरे पर वह भारतीय टीम के लिए चेयर्स करते हुए नजर आए. शाह के अलावा कई और दिग्गज हस्तियां इस मुकाबले की साक्षी बनने के लिए स्टेडियम में मौजूद थी.



### एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप : इंग्लैंड और दक्षिण कोरिया ने क्वालिफायर मुकाबले जीते

**हैदराबाद.** एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालिफायर 2026 के पहले दिन इंग्लैंड की महिला टीम ने रविवार को एक कड़े मुकाबले में इटली को हराया, जबकि दक्षिण कोरिया ने ऑस्ट्रिया को शिकस्त दी. आज यहां जी. एम. सी. बालयोगी हॉकी ग्राउंड (गाचीबोवली हॉकी कॉम्प्लेक्स) में खेले गये मुकाबले में इंग्लैंड की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटली को 5-2 तथा एक अन्य मुकाबले में दक्षिण कोरिया की महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया. इंग्लैंड के लिए ग्रेस बाल्सडन ने (12वें, 32वें), लोटी बिंगहैम ने (15वें), एलिजाबेथ नील ने (16वें) और एना टोमन ने (27वें) मिनट में गोल किए, जबकि इटली के लिए इवाना पेसिना ने (19वें) और फेडेरिका कार्टा ने भी एक गोल किया.



### ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 10 विकेट से हराया

**पर्थ.** ऐनाबेल सदरलैंड (कुल छह विकेट और 129 रन) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने एकमात्र टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को भारतीय टीम को दूसरी पारी में 129 रन पर ढेर करने बाद मिले 25 रनों के लक्ष्य को 4.3 ओवर में हासिल कर मुकाबला 10 विकेट से अपने नाम कर लिया. रविवार को यहां भारतीय महिला टीम ने कल के छह विकेट पर 105 रनों से आगे खेलना शुरू किया. सुबह के सत्र में एश्ले गार्डनर ने स्नेह राणा (30) को आउट कर भारत को सातवां झटका दिया. अगले ही ओवर में अलाना किंग ने काश्वी गौतम (शून्य) का शिकार कर लिया. सायली सातघरे (तीन) को भी अलाना किंग ने 48वें ओवर में आउट किया. अगले ही ओवर में एश्ले गार्डनर ने एक छोर थामे रन बना रही प्रतिका रावल को आउट कर भारत की दूसरी पारी का 149 के स्कोर पर अंत कर दिया. प्रतिका रावल ने भारतीय टीम के लिए सर्वाधिक 63 रन बनाये. इस दौरान उन्होंने 137 गेंदों का सामना किया और आठ चौके लगाये.

## फिटनेस एक नेशनल आदत बन जाए : खडसे

### खेल राज्य मंत्री ने औरंगाबाद में एथलेटिक्स लीग का किया शुभारंभ

**औरंगाबाद, 08 मार्च. खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने रविवार को कहा कि समर ओलंपिक गेम्स और दूसरे मल्टी-डिसिप्लिन प्रतियोगिताओं में भारत के पदकों की संख्या में तभी सुधार हो सकता है जब स्पोर्ट्स में महिलाओं की भागीदारी कई गुना बढ़े.**



तथा हर जिला स्पोर्ट्स में एक्टिव हो, हर बेटी कॉन्फिडेंट हो और फिटनेस राष्ट्रीय आदत बन जाए. राज्यमंत्री खडसे ने रविवार को यहां छत्रपति संभाजीनगर के गरखेड़ा में डिविजनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर (अचीविंग स्पोर्ट्स माइलस्टोन बाय इंस्पायरिंग विमेन थ्रू एक्शन) अस्मिता कार्यक्रम के तहत देशभर में 250 जगहों पर एथलेटिक्स लीग का शुभारंभ करते हुए यह बात कही. इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री ने अस्मिता बैनर के तहत योग, वुशु, किकबॉक्सिंग और वेटलिफ्टिंग लीग का भी उद्घाटन किया, साथ ही एक साइक्लोथॉन और वॉकथॉन को भी हरी झंडी दिखाई. खेल राज्यमंत्री कहा, 'हर डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स में एक्टिव हो, हर बेटी कॉन्फिडेंट हो, और फिटनेस एक नेशनल आदत बन जाए. उन्होंने कहा, 'खेलो इंडिया, फिट इंडिया, माय भारत और अस्मिता के जरिए हम एक मजबूत, फिट और सशक्त भारत बना रहे हैं.

> अब तक, अस्मिता लीग में 2600 लीग में 33 डिसिप्लिन में लगभग तीन लाख महिलाओं ने हिस्सा लिया है. 2025-26 में, लगभग 1.59 लाख महिलाएं पहले ही 1287 लीग में हिस्सा ले चुकी हैं. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर, अस्मिता एथलेटिक्स लीग तीन अलग-अलग रेस क्लास 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर में अंडर-13, 13 से 18 और 18-प्लस कैटेगरी की लड़कियों के लिए देश भर में 250 जगहों पर आयोजित की गई थी. एक दिन के इस इवेंट में कुल दो लाख लड़कियों ने हिस्सा लिया, जिसे माय भारत, खेलो इंडिया सेंटर्स (केआईसी), साई इकोसिस्टम और एनसीओई , स्टेट और डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन के साथ-साथ डिस्ट्रिक्ट यूथ ऑफिसर्स (डीवाईओ) के सहयोग से लागू किया गया था.

## हमने मजबूत शुरुआत की, लेकिन लय नहीं बना सके : हरमनप्रीत



**पर्थ, 08 मार्च .** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि हमने बहु प्रारूप सीरीज में मजबूत शुरुआत की, लेकिन वाका ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में लय बनाए नहीं रख सके और मुकाबला हार गये. टेस्ट में मिली हार के बाद कौर ने कहा, 'हमने बहुत अच्छी शुरुआत की, टी-20 में बहुत अच्छा क्रिकेट खेला लेकिन दुर्भाग्य से, उसके बाद, हम इसे जारी नहीं रख पाए, लेकिन मुझे लगता है कि कुल मिलाकर यह एक अच्छी सीरीज थी. ऑस्ट्रेलिया में हर समय खेलकर बहुत खुश हूं, और मुझे लगता है कि यह एक शानदार मुकाबला था.



## जाने-माने एथलीट फिट इंडिया कार्निवल में हुए शामिल

**नयी दिल्ली, 08 मार्च. मिलिंद सोमन, रागिनी द्विवेदी, सिमरन शर्मा, नंदिनी अगासरा तथा जाने-माने एथलीट, सेलिब्रिटी, फिटनेस के शौकीन और सैकड़ों नागरिक ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार सुबह जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित फिट इंडिया कार्निवल में हिस्सा लिया.**

रविवार को यहां हाउसिंग और शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू ने फिट इंडिया कार्निवल का आधिकारिक उद्घाटन किया. इस अवसर पर तोखन साहू ने फिटनेस को लोगों का मूवमेंट बनाने की अहमियत पर बल देते हुए कहा, 'फिट इंडिया मूवमेंट का मकसद हर नागरिक को फिटनेस को रोज की आदत के तौर पर अपनाने के लिए बढ़ावा देना है.

## लगातार 5 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने रैंडेल

**नेपियर (न्यूजीलैंड), 08 मार्च. सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के तेज गेंदबाज ब्रेट रैंडेल ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पांच गेंदों में लगातार पांच विकेट लेकर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है. ब्रेट रैंडेल ने रविवार को यह कारनामा प्लंकेट शील्ड मैच के दूसरे दिन नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट के खिलाफ मुकाबले में किया है.**

इसी के साथ वह प्रथम श्रेणी में यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले गेंदबाज बन गये. रैंडेल का स्पेल इतना खतरनाक रहा कि नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट ने केवल नौ के स्कोर पर ही अपने पांच विकेट गंवा दिए. रैंडेल ने दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर हेनरी कूपर को आउट करते हुए विकेट लेने का यह सिलसिला शुरू किया. अगले ओवर की पहली गेंद पर उन्होंने राउंड द विकेट से आकर जीत रावल की गिल्लियां बिखेर दीं. दूसरी गेंद पर जो कार्टर को विकेट के पीछे कैच कराते हुए उन्होंने अपनी हैट्रिक पूरी की. रॉबर्ट ओ'डॉनेल ने अगली गेंद पर स्लिप में कैच थमाया. क्रिस्टियन क्लार्क ने अगली गेंद पर ऑफ स्टंप के बाहर बल्ला चलाया और गेंद अंदरुनी किनारा लेकर स्टंप में जा लगी. इस समय रैंडेल के गेंदबाजी आंकड़े 2.4-1-2-5 थे जिस पर भरोसा कर पाना



बेहद मुश्किल था. थोड़ी ही देर बाद वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में आठ गेंदों में छह विकेट लेने वाले भी पहले गेंदबाज बने थे.

**एकदिवसीय क्रिकेट मैच**

### न्यूजीलैंड ने दूसरे एकदिवसीय मैच में जिम्बाब्वे को आठ विकेट से शिकस्त दी



## मेली ने 7 विकेट लेकर रिकॉर्ड तोड़ा

**डुनेडिन, 08 मार्च. मेली केर (34 रन देकर सात विकेट) के ऐतिहासिक गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने रविवार को डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल में दूसरे एकदिवसीय मैच में जिम्बाब्वे को आठ विकेट से शिकस्त दी. इसी के साथ केर ने जैकी लॉर्ड के 44 साल पुराने रिकार्ड को भी तोड़ दिया.**

न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. केर ने 34 रन देकर सात विकेट झटके और जिम्बाब्वे को मात्र 102 रन पर समेट दिया, जिससे जैकी लॉर्ड का 44 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया. लॉर्ड ने आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 1982 में भारत के खिलाफ 6/10 का रिकॉर्ड बनाया था, जो इससे पहले एकदिवसीय में न्यूजीलैंड की किसी महिला का सबसे अच्छा गेंदबाजी प्रदर्शन था. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार यह महिला एकदिवसीय में सात विकेट लेने का सातवां मौका था. केर इस उपलब्धि के साथ पाकिस्तान की साजिदा शाह, इंग्लैंड की जो चेम्बरलेन, वेस्ट इंडीज की अनीसा मोहम्मद और ऑस्ट्रेलियाई तिकड़ी अलाना किंग, एलिस पेरी और शेली निट्स्के की सूची में शामिल हो गईं. लक्ष्य का पीछा करते हुए केर ने सबसे अधिक 45 रन बनाए, जिससे न्यूजीलैंड ने आठ विकेट से जीत हासिल की.

> इससे पहले, मॉली पेनफोल्ड ने 17 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे जिम्बाब्वे का शीर्ष क्रम ध्वस्त हो गया और मेहमान टीम 48 रन पर तीन विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी. इसके बाद केर ने आक्रमण की जिम्मेदारी को संभाला और सी धुरुरू को बोल्ड करके टीम को गिराना शुरू किया. उन्होंने मोडेस्टर मुपाचिकवा, क्रिस्टाबेल चैटोंजवा, एडेल जिमुनु, न्याशा ग्वानजुरा, ऑड्रे माजविशाया और तेंदई मकुशा को जल्दी-जल्दी आउट किया, जिससे मेजबान टीम ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली.